DAINIK NAVAJYOTI

Kerala beauty is worth seeing

Date : 9.6.2020 **| Edition : Jaipur | Page :** 11 **| Clip size (cm) : W:** 12 **H:** 17

केरल : खूबसूरती है देखने लायक



केरल भारत का बेहद ही सुंदर राज्य है। यह राज्य अपनी सुंदरता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यहां की राजधानी तिरुवनंतपुरम है और मलायलम मुख्य बोली जाने वाली भाषा।

केरल भारत के दक्षिण-पश्चिमी सीमा पर अरब सागर और सह्याद्रि पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य में स्थित है। कर्नाटक और तमिलनाडु केरल के पड़ोसी राज्य हैं। ये राज्य अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर है। आज हम आपको केरल की कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं जहां जन्नत का एहसास होता है

- **चेंबरा पार्क** : चेंबरा पार्क केरल की सबसे ऊंची चोटी है जो दक्षिण के कल्पेट्टा शहर से महज 8 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां एक हर्ट-शेप झील भी है जो इस जगह की खूबसूरती में चार चांद लगाती है।
- **नेल्लीयमपथी** : नेल्लीयमपथी केरल का एक हिल स्टेशन है, जिसकी गिनती दक्षिण भारत के सबसे प्रसिद्ध हिल स्टेशनों में होती है। इस जगह को गरीबों का ऊंटी भी कहा जाता है। इस खूबसूरत हिल स्टेशन की सुंदरता देखते ही बनती है। यहां का हरियाली से भरा माहौल, चाय के बागान और ऊंचे पहाड़ इस जगह की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं।
- **मुजहैप्पिलानगढ़ ड्राइव बीच** : केरल के कन्नूर शहर से कुछ दूरी पर स्तिथ मुजहैप्पिलानगढ़ केरल का एकमात्र ड्राइव बीच है जो एशिया में सबसे बड़ा है। इस बीच के साउथ में एक मशहूर प्राइवेट आइलैंड भी है, जिसे धर्मादम नाम से जाना जाता है।
- **बेपोर बंदरगाह** : कालीकट के नजदीक बेपोर बीच एक पुराना बंदरगाह है। पुराने समय में इस जगह का प्रयोग व्यापार के लिए होता था।
- **थिरूवल्लम बैकवॉटर्स** : थिरूवल्लम बैकवॉटर्स किल्ली और कर्मणा दो खूबसूरत नदियों के संगम से बना है। कनू राइडूस के लिए थिरूवल्लम बैकवॉटर्स मशहूर है।
- **वजहाचल-अथिराप्पिल्ली वाटरफॉल** : वजहाचल और अथिराप्पिल्ली वाटरफॉल केरल के सबसे प्रसिद्ध वाटरफॉल हैं। केरल के थ्रिसुर जिले में मौजूद चलक्कुडी नदी पर ये दोनों वाटरफॉल बने हुए हैं।